नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

25-26 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

वर्धा दि. 23 नवंबर 2016 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 25 एवं 26 नवंबर को टैगोर हॉल, गांधी दर्शन, राजघाट नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। राष्ट्र बनाम आख्यान विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कपिल कपूर करेंगे। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। स्वागत वक्तव्य प्रो. मनोज कुमार देंगे। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. अपूर्वानंद, प्रो. नंदकिशोर आचार्य, अनामिका वक्ता होंगे। राष्ट्र के विविध आख्यान पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता गांधी अध्ययन केंद्र, वाराणसी के प्रो. दीपक मलिक करेंगे। जे.एन.यू. के डॉ. मणींद्र नाथ ठाकुर, दीप्ता भोग, अनिल चौधरी व्यक्ता होंगे। सांस्कृतिक राष्ट्र का आख्यान विषय पर वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव, प्रो. श्रीप्रकाश सिंह तथा राष्ट्रीय कारीगर पंचायत के बसंत भाई वक्ता होंगे। सत्र की अध्यक्षता आई.आई.आई.टी., हैदराबाद के प्रो. नंदकिशोर आचार्य करेंगे। 26 नवंबर को राष्ट्र के संदर्भ में हाशिए का आख्यान विषय पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता प्रो. सुधीर चंद्र, दिल्ली करेंगे। सत्र में जे.एन.यू के प्रो. बद्री नारायण, दिल्ली वि.वि. के प्रो. प्रेमसिंह, हिंदी वि.वि. के अरूण त्रिपाठी एवं डॉ. सुप्रिया पाठक, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली के प्रो. रिजवान कैसर, दिल्ली वि.वि. की प्रो. सुधा सिंह, वाटर एड दिल्ली के डॉ. अविनाश कुमार वक्ता होंगे। संगोष्ठी का समापन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में होगा। इस अवसर पर दिल्ली वि.वि. के प्रो. विद्युत चक्रवर्ती एवं प्रो. रमेश भरद्वाज, अंबेडकर वि.वि. के सलिल मिश्र एवं डॉ. गोपाल प्रधान व्यक्तव्य देंगे। समापन वक्तव्य प्रो. सुधीर चंद्र देंगे।